# 15 फीट तक की गणेश प्रतिमाओं की अनुमति

**गणेशोत्सव की तैयारी**

## एक फीट की प्रतिमा के दाम 1100 से 1500 रुपए, बड़ी प्रतिमाएं 45 हजार रुपए तक



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 7 सितंबर. गणेश चतुर्थी से एक सप्ताह पहले न्यू मार्केट के कालीबाड़ी क्षेत्र में मूर्तिकारों की कार्यशालाओं में दिन-रात काम चल रहा है. कहीं गणेश प्रतिमाओं पर रंग चढ़ रहा है तो कहीं मिट्टी और भूसे से अंतिम आकार दिया जा रहा है. 14 सितंबर से शुरू होने वाले गणेशोत्सव पर्व को देखते हुए इस बार प्रतिमाओं के स्वरूप, ऊंचाई और निर्माण सामग्री को लेकर नियमों का भी खास ध्यान रखा जा रहा है.**

**परंपरागत स्वरूप पर जोर:** भोपाल हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि इस बार आयोजन में परंपरा और अनुशासन पर जोर रहेगा. चल समारोह में डीजे और फिल्मी गानों पर रोक रहेगी. उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की.



मूर्तिकार सुधीर प्रजापति ने बताया कि प्रशासन ने प्रतिमाओं की ऊंचाई 14 से 15 फीट तक रखने के निर्देश दिए हैं. साथ ही एआई से तैयार डिजाइन, कार्टून या धार्मिक भावनाओं के खिलाफ दिखने वाले स्वरूप की प्रतिमाओं पर रोक है. उन्होंने बताया कि स्थानीय मिट्टी सख्त होने के कारण बाहर से मिट्टी मंगानी पड़ रही है. कीमतों पर भी महंगाई का असर दिखाई दे रहा है, एक फीट की प्रतिमा 1100 से 1500 रुपए और बड़ी प्रतिमाएं 40 से 45 हजार रुपए तक बिक रही हैं. अन्य मूर्तिकारों का कहना है कि बारिश के कारण प्रतिमाएं सुखाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. एक प्रतिमा बनाने में 15 से 20 दिन लगे हैं.

### मिट्टी की मूर्ति बनाने चलाएं जागरूकता अभियान

राजधानी के कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को आपदा प्रबंधन को लेकर बैठक हुई. कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में हुई बैठक में एडीएम सुमित कुमार पांडे ने कहा कि पीओपी की जगह प्रतिमाओं के निर्माण में मिट्टी का उपयोग किया जाए. इसके लिए प्रशासन की ओर से अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाए जाए. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को मिट्टी की मूर्तियां बनाने और उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए. बैठक में एडीएम ने कहा कि आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम के संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने मूर्ति विसर्जन के लिए घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# विदेश से लौटा, राजनीति में उलझा

**रवीन्द्र भवन में गरीबनवाज नाटक का मंचन**

निज संवाददाता

**भोपाल, 7 सितंबर. रवीन्द्र भवन का मंच सोमवार शाम एक ऐसे कारोबारी की उलझनों का गवाह बना, जो बेहतर जीवन और संस्कारों की तलाश में विदेश से भारत लौटता है,लेकिन यहां आकर खुद बाजार और राजनीति के ऐसे चक्र में फंस जाता है, जिससे निकलना उसके लिए आसान नहीं रहता.**

टैगोर नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन संतोष चौबे की कहानी 'गरीबनवाज' का मंचन हुआ. दिल्ली के 'संभव' आर्ट ग्रुप की इस प्रस्तुति का निर्देशन देवेन्द्र राज अंकुर ने किया. कहानी का केंद्र विश्वमोहन है, जो अमेरिका में पढ़ाई और नौकरी के बाद बच्चों की बेहतर परवरिश और अपने खानपान से जुड़े कारणों से भारत लौटता है. यहां वह बीपीओ कंपनी शुरू करता है और सफल कारोबारी के तौर पर अपनी जगह बनाता है. परेशानी तब शुरू होती है, जब उसके शानदार कार्यालय के पास 'गरीबनवाज' नाम की चिकन की गुमटी खुल जाती है.



रोज चिकन बिकते देख विश्वमोहन असहज होता है और इसे हटाने की कोशिश करता है. इसी बीच पास में चाय समोसे की गुमटी खुलने और शिकायतों के बाद मामला राजनीति तक पहुंच जाता है.

व्यक्तिगत परेशानी से शुरू हुई कहानी धीरे-धीरे बाजारवाद, बदलते सामाजिक माहौल और राजनीतिक दबाव की तस्वीर सामने लाती है. मंच पर अमिताभ श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, प्रकाश झा, निधि मिश्रा और उनीस यादव ने अभिनय किया.

## नगर में आज


**नाटक उनके हिस्से का प्रेम और लेखक बनाने वाले**
**समय** – शाम 7 बजे, **स्थान**–अंजनी सभागार, रवीन्द्र भवन,

**नाटक कोमल गांधार**
**समय**– शाम 6 :30 बजे, **स्थान**– लिटिल बैले ट्रुप सभागार

**मटकी फोड़ एवं जैमिंग भजन-कीर्तन**
**समय** – शाम 7 :00 बजे, **स्थान** – भवानी चौक, सोमवारा

## एक नजर में

### आकर्षण से प्रभावित होकर विवेक नहीं खोएं



**भोपाल, 7 सितंबर (निज संवाददाता).** आचार्यश्री समय सागर महाराज ने एमपी नगर स्थित विद्योदय तीर्थ में चल रही धर्मसभा में कहा कि बाहरी आकर्षण, मान सम्मान, प्रशंसा और निंदा से प्रभावित होने के बजाय व्यक्ति को अपने शुद्ध आत्मस्वरूप पर ध्यान देना चाहिए. उन्होंने कहा कि यही एकत्व भावना का मूल संदेश है और आत्मचिंतन के जरिए साधक मोक्षमार्ग की ओर बढ़ सकता है. 'समयसार' ग्रंथ के स्वाध्याय के दौरान आचार्यश्री ने कहा कि आत्मा का वास्तविक स्वरूप शुद्ध, अकेला, पृथक और रूप-रंग से रहित है. साधक को किसी व्यक्ति की आकर्षक प्रस्तुति या भाषा से प्रभावित होकर अपना विवेक नहीं खोना चाहिए.



### लक्ष्य अनुराग्स एकेडमी में शिक्षकों का सम्मान

**भोपाल, 7 सितंबर (नवभारत कनेक्ट).** करोंद स्थित लक्ष्य अनुराग्स एकेडमी कोचिंग संस्थान में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकों को विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य निर्माण में उनके योगदान, समर्पण एवं निरंतर मार्गदर्शन के लिए राकेश धाकड़, निकिता गौर, समृद्धि शर्मा को अनुराग पाण्डेय द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों के सम्मान में गीत प्रस्तुत किए. संस्थान के डायरेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सभी शिक्षकगणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'एक शिक्षक केवल पढ़ाता नहीं, बल्कि वह विद्यार्थियों के सपनों को दिशा देकर उनके भविष्य का निर्माण करता है.'




### डॉ. जवाहर कर्णावट नार्वे में सम्मानित

**भोपाल, 7 सितंबर.** नार्वे की राजधानी ओस्लो में भारतीय -नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भोपाल के लेखक डॉ.जवाहर कर्णावट को स्पाइन भाषा एवं संस्कृति सम्मान प्रदान किया गया. उन्हें यह सम्मान पूर्व मेयर, वरिष्ठ लेखक , राजनीतिज्ञ थूरस्ताइन विन्गेर तथा फोरम के अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला ने प्रदान किया. इस अवसर पर उपस्थित नार्वेजियन लेखिका इंगेर मारिये, नूरी रोयसेग, हिंदी लेखिका प्रमिला देवी, संगीता शुक्ला, उर्दू लेखक आफताब वारिख ने हिंदी, पंजाबी, उर्दू ,अंग्रेजी तथा नार्वेजियन भाषाओं में रचना पाठ किया.

# भोपाल के खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण सहित 7 पदक

**एमटीबी ट्रायल : 150 साइकिलिस्ट शामिल हुए**

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 सितम्बर. मध्यप्रदेश एमटीबी साइक्लिंग टीम के चयन ट्रायल में भोपाल के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण सहित सात पदक जीतकर दबदबा बनाया. जिया जावेद, कृष्ण मंडलोई और संध्या मौर्य अपने-अपने वर्ग में पहले स्थान पर रहे.**




भोपाल जिला साइक्लिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित ट्रायल में 10 से अधिक जिलों के करीब 150 साइकिलिस्ट शामिल हुए. जूनियर बालिका वर्ग में जिया जावेद ने पहला स्थान हासिल किया. सीनियर बालक वर्ग में कृष्ण मंडलोई विजेता बने, अमोग सहाय दूसरे स्थान पर रहे. सीनियर बालिका वर्ग में संध्या मौर्य ने बाजी मारी. सब-जूनियर बालक वर्ग में अर्जुन रघुवंशी ने दूसरा और अर्पित मेवाड़े ने तीसरा स्थान पाया. जूनियर बालक वर्ग में अक्षत मेवाड़े उपविजेता रहे. अन्य नतीजों में रीवा के अरुष मिश्रा ने यूथ बालक वर्ग जीता. देवास के विशाल चंदेल सब-जूनियर और हर्षित चौहान जूनियर बालक वर्ग में पहले स्थान पर रहे. सब-जूनियर बालिका वर्ग में रेचल गौर विजेता बनीं. प्रदर्शन के आधार पर मध्यप्रदेश टीम चुनी जाएगी. ट्रायल भारतीय साइक्लिंग महासंघ के तय नियमों के अनुसार कराए गए.

# पांच मुक्केबाजों ने जीते स्वर्ण राज्य स्पर्धा के लिए चयन

**70वीं संभाग स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता**

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 सितम्बर. तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित 70वीं संभाग स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भोपाल के पांच मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय स्पर्धा में जगह बनाई.**

पांचों खिलाड़ी श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल परिसर, बंजारी कोलार में प्रशिक्षण लेते हैं. उन्होंने अलग-अलग वजन और आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया. अंडर-17 बालक वर्ग के 52 से 54 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशु गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीता. इसी आयु वर्ग के 75 से 80 किलोग्राम वर्ग में हर्ष ठाकुर ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया. अंडर-19 बालक वर्ग में भी कोलार के मुक्केबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा. 46 से 49 किलोग्राम भार वर्ग में शौर्य मिश्रा विजेता बने.

# 10 मरीजों में मिला मोतियाबिंद

**स्व. सुशील केड़िया की स्मृति में लगा नेत्र शिविर**

**भोपाल, 7 सितंबर ( नवभारत कनेक्ट ). नीलबड़ स्थित सेवा सदन आंख जांच केंद्र में निर्धन नेत्र रोगियों के लिए नि:शुल्क जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया गया.**

समाजसेवी सुमित केड़िया की पहल पर आयोजित यह शिविर उनकी स्व. माता सुमित्रा केड़िया और पिता स्व. सुशील केड़िया की स्मृति में प्रतिवर्ष लगाया जाता है. शिविर का शुभारंभ केड़िया परिवार के सदस्यों और सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी ने दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया. इस दौरान सुमित केड़िया, पीयूषि केड़िया, डॉ. एसके जोशी, राजेश अग्रवाल सहित सेवा सदन की टीम मौजूद रही.



शिविर में कुल 71 मरीजों की आंखों की जांच की गई. इनमें 38 पुरुष और 33 महिलाएं शामिल थीं. जांच के दौरान 10 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई. सभी मरीजों को सेवा सदन की एंबुलेंस से अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उनके नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए.

## बड़वाले महादेव मंदिर में आज रुद्राभिषेक, रात को मटकी फोड़

**भोपाल.** भौम प्रदोष व्रत पर मंगलवार को श्री बड़वाले महादेव मंदिर में बाबा बटेश्वर का मधु और गाय के दूध से रुद्राभिषेक किया जाएगा. रात में महाआरती के बाद कान्हा के बाल स्वरूप द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम होगा. समिति के संजय अग्रवाल और प्रमोद नेमा ने बताया कि प्रदोष काल में होने वाले रुद्राभिषेक के दौरान भगवान शिव की पूजा की जाएगी. श्रद्धालु बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर सकेंगे. इस मौके पर मंदिर में आने वाले भक्तों के स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की जाएगी. पूजा के बाद बाबा का अलग-अलग फूलों से श्रृंगार किया जाएगा.

# बच्चे और बुजुर्गों ने कोर्ट पर दिखाया दम

## कैलाश सारंग मेमोरियल लिगेसी कप ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 सितम्बर. लीला 'स लिगेसी बैडमिंटन अकादमी की ओर से आयोजित कैलाश सारंग मेमोरियल लिगेसी कप ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का रविवार देर रात को समापन हुआ.**

पांच दिन चली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-9 से 60 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. कुल 24 वर्गों में सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के मुकाबले खेले गए. जूनियर वर्ग में भूमि कौशिक ने अंडर-15 और अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स के खिताब जीते. अंडर-15 बॉयज सिंगल्स में अक्षय राज सक्सेना ने अगस्त्य लोधी को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया. इसी आयु वर्ग के डबल्स में करण मखीजा और सार्थक मखीजा की जोड़ी विजेता बनी. अंडर-13 बॉयज में अवनी मिश्रा, अंडर-11 गर्ल्स में याशिका चंद और अंडर-11 बॉयज में गरवित गुरनानी ने खिताब जीते. अंडर-9 बॉयज सिंगल्स में अदम्य तिवारी पहले स्थान पर रहे. ओपन वर्ग के मेंस सिंगल्स में हृषिक वर्मा विजेता बने. उन्होंने ऐश्वर्या श्रीवास्तव के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब भी जीता. मेंस डबल्स में चिराग खान और करण यादव की जोड़ी ने बाजी मारी. फैमिली मिक्स्ड डबल्स का खिताब राजेंद्र यादव और सरवजीत यादव ने जीता.




# सेवा बस्तियों के 260 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान




नवभारत न्यूज

**भोपाल, 7 सितंबर. सेवा भारती नानक मंडल द्वारा रामानंद आश्रम, लालघाटी में सेवा बस्तियों के संस्कार केंद्रों के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 260 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज, सागर समूह के सुधीर अग्रवाल, सेवा भारती मध्य प्रांत के सचिव राजेश जैन ओर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य प्रांत सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी ने मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह, स्कूल बैग और शैक्षणिक सामग्री देकर सम्मान किया. इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए विद्यार्थियों की सफलता में माता-पिता और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई. कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया. समारोह में दानदाताओं, शिक्षिकाओं, निरीक्षकों एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिवमंगलसिंह, नवनीत अग्रवाल, चेतन पटेल, मनोज शर्मा, मुकेश अवस्थी, प्रेम नारायण शर्मा, तृप्ति अग्रवाल तथा भगवान दास ढालिया उपस्थित थे.



# डिप्टी सीएम के सलाहकार को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**भोपाल 7 सितंबर. जनसंपर्क एवं मीडिया के क्षेत्र में अपने दीर्घ अनुभव और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक एवं वर्तमान में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के मीडिया सलाहकार के रूप में सेवाएं दे रहे ताहिर अली को 13 वें 'विनय उजाला राष्ट्रीय गौरव सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया.**

इंदौर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रसिद्ध अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने ताहिर अली को सम्मान एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया. समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 12 अलग-अलग विधाओं में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, नगर निगम उज्जैन की सभापति कलावती यादव, शोभना मिश्रा, विनय उजाला के एमडी डॉ. वी.के. मिश्रा तथा प्रेस क्लब उज्जैन के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाड़ा सहित उपस्थित रहे.

**युवा संसद** | पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

# विद्यार्थी बने सांसद, देश के ज्वलंत मुद्दों पर की चर्चा

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 7 सितंबर. पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, भोपाल में सोमवार को संभाग स्तरीय 37वीं युवा संसद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. दो दिवसीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के आठ केंद्रीय विद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं. इसमें 168 बालक, 259 बालिकाएं और 43 अनुरक्षक शामिल हैं.**

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा, केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल संभाग की सहायक आयुक्त निर्मला बुड़ानिया और केंद्रीय विद्यालय बैरागढ़ के प्राचार्य मनीष कुमार तुली ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया. विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और कश्मीरी नृत्य की प्रस्तुति दी. विद्यालय के प्राचार्य गौरव कुमार द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया.



मुख्य अतिथि शर्मा ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र आसानी से हासिल नहीं हुआ है. स्वतंत्रता संग्राम में पूर्वजों ने संघर्ष किया. उन्होंने विद्यार्थियों से लोकतंत्र को समझने और उसके मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया.

युवा संसद के पहले सत्र में केंद्रीय विद्यालय बैतूल, क्रमांक-3 भोपाल, क्रमांक-2 ग्वालियर, क्रमांक-1 इंदौर और क्रमांक-2 भोपाल के विद्यार्थियों ने भाग लिया. सत्र की शुरुआत डॉ. सुभाष कश्यप को श्रद्धांजलि अर्पित कर हुई.

## वेस्ट जोन बैडमिंटन में मप्र के चार टीम पदक

**भोपाल.** योनेक्स सनराइज वेस्ट जोन इंटर स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में मध्यप्रदेश ने दो रजत और दो कांस्य सहित चार टीम पदक जीते. अंडर-19 बालक और पुरुष टीम उपविजेता रही, जबकि अंडर-19 बालिका और महिला टीम ने कांस्य पदक हासिल किया. प्रतियोगिता के फाइनल में प्रदेश की दोनों पुरुष टीमों को महाराष्ट्र के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. व्यक्तिगत मुकाबलों में रुद्र प्रताप ठाकुर और नैवेध टांडे की जोड़ी ने अंडर-19 बालक डबल्स में रजत पदक जीता. दोनों खिलाड़ियों ने पुरुष डबल्स में भी दूसरा स्थान हासिल किया. अंडर-19 बालिका डबल्स में पाखी गुप्ता और संस्कृति अग्रवाल की जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया.

# राज्य ताइक्वांडो स्पर्धा में 11 खिलाड़ी

## भोपाल के छह और विदिशा के पांच खिलाड़ी शामिल

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 सितम्बर.** संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर 11 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन किया गया. इनमें भोपाल के छह और विदिशा के पांच खिलाड़ी शामिल हैं. अंडर-14 बालक वर्ग के मुकाबले आनंद नगर स्थित टेक्नोक्रेट माध्यमिक विद्यालय में खेले गए. भोपाल से 21 से 23 किलोग्राम भार वर्ग में यथार्थ कनोजिया ने संभागीय टीम में जगह बनाई. हर्ष का चयन 27 से 29 और पंकज दांगी का 29 से 32 किलोग्राम वर्ग में हुआ. उदित इम्मा 32 से 35 और हिमांश 35 से 38 किलोग्राम वर्ग में चुने गए. 41 किलोग्राम से अधिक वजन वर्ग में अथर्व सोनी राज्य प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे.